भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4123
12.08.2026 को उत्तर देने के लिए

समय उपयोग सर्वेक्षण

4123. श्री हरीश चंद्र मीनाः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्रामीण महिलाओं द्वारा किए जाने वाले अवैतनिक कृषि और संबद्ध कार्यों के संबंध में नवीनतम राजस्थान-विशिष्ट समय उपयोग सर्वेक्षण के निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है तथा राष्ट्रीय औसत की तुलना में इसकी स्थिति क्या है;

(ख) क्या सर्वेक्षण की कार्यप्रणाली में टोंक-सवाई माधोपुर के कृषि समुदायों में प्रचलित पशुपालन और चारा संग्रहण में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले अवैतनिक श्रम को पर्याप्त रूप से शामिल किया गया है;

(ग) क्या इन आंकड़ों ने ग्रामीण महिला कृषि श्रमिकों के लिए किसी कल्याणकारी या सामाजिक सुरक्षा योजना के स्वरुप को प्रभावित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) समय उपयोग सर्वेक्षण के अगले चरण की समय-सीमा क्या है और क्या राजस्थान के लिए जिला-स्तरीय पृथक्करण की कोई योजना है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (घ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने राजस्थान सहित सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को कवर करते हुए दो राष्ट्रवार समय उपयोग सर्वेक्षण किए गए हैं। पहला अखिल भारतीय समय उपयोग सर्वेक्षण जनवरी से दिसंबर, 2019 के दौरान किया गया था और दूसरा सर्वेक्षण जनवरी से दिसंबर, 2024 की अवधि के दौरान किया गया था। समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस) का प्राथमिक उद्देश्य अवैतनिक और सवेतन कार्यकलापों में पुरुषों और महिलाओं की भागीदारी को मापना है। समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस) ग्रामीण महिलाओं द्वारा कृषि और संबद्ध कार्यों, पशुपालन और चारा संग्रह जैसी कार्यकलापों में किए गए अवैतनिक श्रम को नहीं दर्शाता है। उपरोक्त संकेतक पर राजस्थान सहित अलग-अलग राज्य-वार और जिला-स्तरीय डेटा टीयूएस में तैयार नहीं किए जाते हैं।

टीयूएस के अनुमान 6 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए राजस्थान सहित अखिल भारतीय और राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों के स्तर पर उपलब्ध हैं। 2024 में आयोजित नवीनतम टीयूएस के आधार पर, ग्रामीण राजस्थान और ग्रामीण अखिल भारतीय स्तर पर टीयूएस कार्यकलाप वर्गीकरण के प्रमुख विभाजन के कार्यकलापों में 6 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रति व्यक्ति द्वारा एक दिन में (मिनट में) औसतन बिताया गया समय तालिका 1 में दिया गया हैः

तालिका 1: टीयूएस कार्यकलाप वर्गीकरण के प्रमुख वर्गों की कार्यकलापों में औसतन 6 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रति व्यक्ति द्वारा एक दिन में बिताए गए मिनट

वर्गीकरण ग्रामीण

कार्यकलाप का विवरण	राजस्थान (ग्रामीण)			अखिल भारत (ग्रामीण)		
	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति
रोजगार और संबंधित कार्यकलाप	243	78	158	273	70	171
अपने अंतिम उपयोग के लिए वस्तुओं का उत्पादन	39	76	58	25	29	27
घर के सदस्यों के लिए अवैतनिक घरेलू सेवाएँ	19	206	116	23	238	131
घर के सदस्यों के लिए अवैतनिक देखभाल	13	42	28	14	47	30
अवैतनिक स्वैच्छिक, प्रशिक्षु और अन्य अवैतनिक कार्य	2	1	1	1	1	1
सीखना (शिक्षण)	104	84	94	96	84	90
समाजीकरण और संचार, सामुदायिक भागीदारी और धार्मिक अभ्यास	150	134	142	128	127	128
संस्कृति, अवकाश, जन-संचार और खेल के प्रकार	158	115	136	165	137	151
स्व-देखभाल और रखरखाव (नींद सहित)	711	703	707	715	707	711

*****